**Indian School Al Wadi Al Kabir**
**Pre - Mid Term Exam**
Subject-Hindi – B

Class: X — Marks: **30**
Date: 13.05.2025 — **Answer Scheme** — Time - **1hr**

**खंड – 'क' (अपठित गद्यांश)**

**प्रश्न 1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए-** *7*

- **बहुविकल्पीय प्रश्न**

**(1) शोर-प्रेरित बहरेपन का खतरा किस क्षेत्र से जुड़े लोगों को कम है?**
(ख) स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े लोगों को

**(2) श्रवण शक्ति का ह्रास इंसान में कैसा प्रभाव डालता है ?**
(ख) श्रवण शक्ति का ह्रास इंसान में नकारात्मक प्रभाव डालता है।

**(3) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए।**

**कथन (A) वर्तमान में श्रवण शक्ति का ह्रास एक सार्वजनिक समस्या बन गई है।**
**कथन (R) आर्थिक विकास की अनियमित होड़ इस समस्या के मूल कारणों में से एक है।**
(क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।

**लघूत्तरात्मक एवं अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न**

**(4) विकासशील देशों के लोगों के जीवन को अभिशप्त क्यों कहा गया है?**
शोर-प्रेरित बहरेपन की समस्या विकासशील देशों में ज्यादा है, जहाँ तीव्र औद्योगीकरण, अनौपचारिक क्षेत्र के विस्तार और सुरक्षात्मक व शोर-नियंत्रणरोधी उपायों की कमी से लोग चौतरफा शोर-शराबे में दिन बिताने को अभिशप्त हैं।

**(5) तीव्र आवाज़ का हमारे शरीर पर क्या प्रभाव पड़ता है?**
तेज आवाज हमारी श्रवण कोशिकाओं पर बहुत दबाव डालती है, जिससे वे स्थायी रूप से चोटिल हो सकती है। यदि सुनने की क्षमता एक बार चली गई तो उसे पुनः पाना नामुमकिन है।

**खंड – ख (व्यावहारिक व्याकरण)**

**प्रश्न 2. मुहावरे पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए-** **(1×4-4)**

(i) 'घाव पर नमक छिड़कना' मुहावरे का वाक्य बनाइए। **कोई सार्थक वाक्य**

(ii) दैव न करे अगर मैं .... । पंक्ति से मुहावरा चुनकर वाक्य में प्रयोग कीजिए। **कोई सार्थक वाक्य**

(iii) **'ऐरा गैरा नत्थू खैरा'** मुहावरे का वाक्य में इस तरह......**कोई सार्थक वाक्य**

(iv) सूक्ति बाण चलाने लगी

(v) किसी अयोग्य व्यक्ति को उसकी सामर्थ्य से अधिक मिल जाना

**खंड – 'ग' (पाठ्य पुस्तक एवं पूरक पुस्तक)**

**प्रश्न 3. गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प चुन कर लिखिए । 5**

(क) शैतान का हाल क्या हो गया था? (iii) उपरोक्त दोनों

(ख) सफल खिलाड़ी किसे कहा जाता है? (i) जिसका कोई निशाना खाली न जाए

(ग) शाहेरूम भीख माँग-माँगकर मर गया क्योंकि- (iii) उसने अंहकार किया था

(घ) 'सिर फिरना' मुहावरे का अर्थ है- (i) पागल होना

(ङ) लेखक को समझाने के लिए बड़े भाई साहब ने उदाहरण दिया- (iii) उपरोक्त दोनों का

**प्रश्न 4 निम्नलिखित में से किन्ही तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में दीजिए । 6**

1. **मीठी वाणी बोलने से औरों को सुख और अपने मन को शीतलता कैसे प्राप्त होती है?**

   **उत्तर**: मनुष्य को सदा मीठी वाणी बोलनी चाहिए। मधुर वचन से हम दूसरों को सुख प्रदान करते है। जब मधुर वचनों का प्रयोग करते हैं तो हमारा अहंकार नष्ट हो जाता है। अहंकार के नष्ट होने पर हमें शीतलता प्राप्त होती है और हम विनम्र होते हैं ।

2. **अपने स्वभाव को निर्मल रखने के लिए कबीर ने क्या उपाय सुझाया है?**

   **उत्तर**: अपने स्वभाव को निर्मल करने के लिए कबीर ने अपने निंदक को अपने आसपास रखने का उपाय सुझाया है । ऐसा करने से हमारा स्वभाव अपने आप ही निर्मल हो जाएगा क्योंकि निंदक हमारे गलत कार्यों की निंदा करेगा तो हम अपने आप को सुधारने का प्रयास करेंगे।

3. **कबीर की उद्धृत साखियों की भाषा की विशेषता स्पष्ट कीजिए ।**

   **उत्तर**: कबीर की भाषा सधुक्कड़ी अथवा पचमेल खिचड़ी है। उसमें अवधी, राजस्थानी, भोजपुरी और पंजाबी भाषाओं के अनेक शब्दों का मिश्रण है। भाषा की सुंदरता में प्रतीकों एवं अलंकारों ने भी सहयोग दिया है। कबीर वाणी के डिक्टेटर कहे जाते हैं क्योंकि वे भाषा का मनमाना प्रयोग करते थे। भाषा उनके लिए साधन थी, साध्य नहीं या लक्ष्य नहीं। कबीर की भाषा में अनेक शब्द अमानक एवं अशुद्ध हैं।

   जैसे- जाल्या (जलाया), ना (न), नेड़ा (पास), मुवा (मुआ) बाँणी (वाणी) आदि ।

   कबीर की भाषा में संस्कृत, तद्भव तथा देशी शब्दों का अद्भुत मेल है।

4. **छोटे भाई ने बड़े भाई साहब के नरम व्यवहार का क्या फ़ायदा उठाया ?**

**उत्तरः** छोटे भाई ने बड़े भाई के नरम व्यवहार का भरपूर फायदा उठाया। बड़े भाई साहब फेल होकर कुछ नरम पड़ गए थे। अब वे डाँटने का अवसर पाकर भी धीरज से काम लेते थे। वह समझने लगा कि अब बड़े भाई का उसे डाँटने का अधिकार नहीं रहा। उसकी तकदीर बलवान है। वह भाई साहब से नज़र बचाकर पतंगबाजी में अपना समय गँवाने लगा।

5. **बड़े भाई की स्वभावगत किन्हीं तीन विशेषताओं का वर्णन कीजिए ।**

**उत्तरः बड़ा भाई महत्त्वाकांक्षी** है। वह बड़ा होने का सम्मान चाहता है। वह अपने-आपको अपने छोटे भाई का संरक्षक सिद्ध करने के लिए जी जान लगा देता है।

**कड़ा परिश्रमी-** बड़ा भाई भले ही पढ़ाई करने का सही ढंग न जानता हो, लेकिन उसके परिश्रम में कोई कसर नहीं रहती। वह तीन-तीन बार फेल होकर भी उसी परिश्रम से दिन-रात पढ़ता है।

**लेखक का हितैषी-** बड़े भाई साहब अपने छोटे भाई का भला चाहने वाले हैं। वे निरंतर उसे अच्छाई की ओर प्रेरित करते हैं।

**वाक्पटु-** बड़े भाई साहब वाक् कला में निपुण हैं। वे अपने छोटे भाई को ऐसे-ऐसे उदाहरण देकर बात करते हैं कि वह उनके आगे नतमस्तक हो जाता है।

**वर्तमान शिक्षा प्रणाली का विरोधी-** बड़े भाई साहब वर्तमान शिक्षा प्रणाली के विरोधी हैं। उनके अनुसार यह शिक्षा प्रणाली किसी प्रकार से भी लाभदायक नहीं है। यह विद्यार्थियों को कोरा किताबी ज्ञान देती है जिसका वास्तविक जीवन से कोई लेना देना नहीं।

**प्रश्न 5 निम्नलिखित दो प्रश्नों में से एक प्रश्न का उत्तर लगभग 50-60 शब्दों में दीजिए । 3**

**1. उत्तर:-** समाज में रिश्तों-नातों का एक विशेष स्थान है। सामाजिक जीवन को सुचारू रखने के किए इनकी महत्त्ता को कोई नजरंदाज नहीं कर सकता है। परन्तु आज समाज में मानवीय मूल्य तथा पारिवारिक मूल्य धीरे-धीरे समाप्त होते जा रहे हैं। ज़्यादातर व्यक्ति अपने स्वार्थ के लिए रिश्ते निभाते हैं, आए दिन हम अखबारों में समाचार पढ़ते हैं कि ज़मीन जाय़दाद, पैसे जेवर के लिए लोग हत्या जैसा घृणित कार्य करने से भी नहीं कतराते हैं। इसलिए तो कहानी के हरिहर काका जैसे लोगों को अपने खून के रिश्तेदारों से बचने के लिए पुलिस की आवश्यकता पड़ती है। क्योंकि जब रिश्तों पर स्वार्थ का रंग चढ़ जाता है तो सारे रिश्ते बेमानी हो जाते हैं।

**2. उत्तरः** अनपढ़ होते हुए भी हरिहर काका दुनिया की बेहतर समझ रखते हैं। हरिहर काका स्वभाव से सीधे एवं सरल थे । उन्हें दुनिया का बहुत ज्ञान था। वे जानते हैं कि जब तक उनकी जमीन-जायदाद उनके पास है, तब तक सभी उनकी इज्जत करते हैं। काका ऐसे अनेक लोगों को जानते हैं जिन्होंने अपने जीते-जी अपनी जमीन किसी और के नाम लिख दी थी। बाद में उनका जीवन नरक बन गया। वे नहीं चाहते थे कि उनके साथ भी ऐसा हो।

## खंड – 'घ' (रचनात्मक लेखन)

**प्रश्न 6. निम्नलिखित में से किसी *एक* विषय पर दिए गए संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए:- 1×5=5**

– विषयवस्तु - 2, प्रस्तुति - 1.5 , भाषा - 1.5

*******************************************